बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
(A Govt. of Bihar Undertaking)
Raja Pur Pul, West Boring Canal Road, Patna-800 001
Contact: + 0612- 2558412, E- mail – mdbuidco@gmail.com, Website : http://buidco.in
CIN- U45200BR2009SCG014600

BUIDCo
Building Better Tomorrow

संख्या – 26 दिनांक – 30/3/24

-: कार्यालय आदेश :-

Construction of Water Supply System for full coverage of 35 nos. of partially covered wards of Darbhanga Nagar Nigam including operation & maintenance for 5 (five) years, (NIT No. - BUIDCo/Yo-2685 / 2023 - 39, Date- 16.03.2023) की निविदा में निविदाकार M/s Velji Ratna Sorathia Infra Pvt. Ltd.-,Kevadiya Construction Pvt. Ltd JV (VRSIPL-KCPL JV) द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड किया गया। अनुभव प्रमाण पत्र में वर्णित योजनाएं बुडको में क्रियान्वित हैं, जिसके Agency M/s KCPL-VRSIPL (JV) हैं। इस JV में VRSIPL 26% के पार्टनर हैं। निविदा के साथ संलग्न प्रमाण पत्र में सिर्फ VRSIPL द्वारा क्रियान्वित मात्रा का उल्लेख किया गया है। फलस्वरूप निर्गत प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन संबंधित मापी पुस्त से की गई। जाँचोपरान्त पाया गया कि मापी पुस्त में अंकित House Service Connection एवं High Yeild Tubewell की पुरी मात्रा को अपलोडेड अनुभव प्रमाण पत्र में VRSIPL द्वारा संपादित मात्रा के रूप में दर्शाया गया है, जबकि एकरारनामा KCPL-VRSPL (JV) द्वारा किया गया है, जिसमें JV agreement के अनुसार VRSIPL का share 26% है।

उपरोक्त वर्णित गलत अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने के कारण बुडको के पत्रांक 2677, दिनांक 05.06.2023 के द्वारा M/s VRSIPL-KCPL (JV) से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसके आलोक में निविदादाता ने अपने पत्रांक VRSIPL JV KCPL/01, दिनांक 09.06.2023 द्वारा सूचित किया है कि "In Bhagalpur Water Supply package KCPL has 74% share and VRSIPL has 26% share. VRSIPL has 26% share for whole project. This does not mean VRSIPL will do 26% work in all components of project. This mean VRSIPL will do 26% of project as a whole. Accordingly in all three certificate it is clearly mentioned that VRSIPL has done 8 high yield tube well and 8500 house connection in 2021-22. Also, in all three certificate issued by BUIDCo it is clearly mentioned that these quantities are executed by VRSIPL. "

VRSIPL से प्राप्त जबाब के समीक्षोपरान्त पाया गया कि VRSIPL द्वारा प्रस्तुत किया गया स्पष्टीकरण तथ्यहीन है। योजना के एकरारनामा में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि योजना के किन अवयवों का कार्य VRSIPL के द्वारा 100% किया जाना है तथा किन अवयवों का कार्य KCPL द्वारा 100% किया जाना है। इस संबंध में उनके द्वारा कोई supporting document भी प्रस्तुत नहीं किया गया है। JV agreement के अनुसार KCPL 74% तथा VRSIPL 26% के पार्टनर हैं, जिसके आधार पर ही आस्तियाँ एवं दायित्व (Assets & Liabilities) का निर्धारण इन दोनों संवेदकों के बीच होना है। संपादित कार्यों की मदवार मात्रा के अनुभव का निर्धारण भी उसी अनुपात में होना है। परन्तु संबंधित निविदा की वांछित अहर्ता के अनुसार निविदा प्राप्त करने के उद्देश्य से VRSIPL-KCPL (JV) द्वारा अपने पक्ष में अनुभव प्रमाण पत्र निर्गत कराया गया, जो नियमसंगत नहीं है और एकरारनामा के किसी भी प्रावधान से संपुष्ट नहीं होता है।

पुनः बुडको के पत्रांक 5502, दिनांक 01.12.2023 के द्वारा M/s VRSIPL-KCPL (JV) से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। जिसके संबंध में M/s VRSIPL-KCPL (JV) द्वारा अपने पूर्व के जबाब को दोहराया गया।

बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के क्रमांक–11 क (vii) में निहित प्रावधान के आलोक में M/s VRSIPL-KCPL (JV) के Partner **M/s Kevadiya Construction Pvt. Ltd.,** Near Gopal Chawk, Nava Naroda, Opp. – Parishram Society, Ahmedabad, T.B. Nagar, Ahmedabad, Gujrat के

बुडको में **Class-1** के निबंधन संख्या **"Reg.-I-2020-BUIDCo-Yo-120 (validity – 21.10.2020 to 20.10.2025)** को बुडको के आदेश संख्या – BUIDCo/Yo-2756/23 – 122–सह–पठित ज्ञापांक – 5837, दिनांक 30.12.2023 के माध्यम से दो वर्षों के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया गया। साथ ही उक्त निविदा में VRSIPL-KCPL (JV) द्वारा समर्पित Earnest Money Deposit को जब्त किया गया। साथ ही JV के द्वितीय पार्टनर M/s Velji Ratna Sorathia Infra Pvt. Ltd. के विरूद्ध कार्रवाई हेतु मुख्य अभियंता (पंजीयन), कार्यालय प्रमुख अभियंता पंजीयन लोक निर्माण विभाग, भोपाल, मध्यप्रदेश को बुडको के पत्रांक 5836, दिनांक 30.12.2023 द्वारा सूचित किया गया।

उक्त निर्णय दिनांक 30.12.2023 के विरूद्ध संवेदक द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में (CWJC No. – 574 / 2024) दायर किया गया, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 22.02.2024 सुनवाई की गयी, जिसमें बुडको के Learned Senior Counsel द्वारा Blacklisting order दिनांक 30.12.2023 को Revisit करने के लिए दो सप्ताह समय की मांग की गई, जिसे माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया।

उक्त के आलोक में Blacklisting order दिनांक 30.12.2023 की पुनः समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि M/s VRSIPL-KCPL (JV) द्वारा विषयक निविदा में भागलपुर जलापूर्ति योजना, पैकेज 1, 2 एवं 3 के कार्य से संबधित अपलोडेड अनुभव प्रमाण पत्र परियोजना निदेशक, भागलपुर बुडको द्वारा निर्गत है। परियोजना निदेशक, बुडको द्वारा दिनांक 04.05.2023 एवं 20.05.2023 को उक्त अनुभव प्रमाण पत्र को संशोधित किया गया है। अर्थात निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 03.05.2023 तक संशोधित अनुभव प्रमाण पत्र संवेदक के पास उपलब्ध नहीं था। संवेदक द्वारा परियोजना निदेशक, भागलपुर से निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही निविदा में अपलोड किया गया है, अर्थात इनके द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र को forged नहीं किया गया है। विषयक निविदा में त्रुटिपूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र upload करने के कारण VRSIPL-KCPL (JV) को तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया था। उक्त अनुभव प्रमाण पत्र संशोधित रूप में निर्गत हो चुका है, जिससे भविष्य में उक्त संवेदक को अनावश्यक लाभ मिलने की संभावना समाप्त हो चुकी है।

उक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि VRSIPL-KCPL (JV) द्वारा forged अनुभव प्रमाण पत्र विषयक निविदा में संलग्न नहीं किया गया है, अपितु परियोजना निदेशक, भागलपुर, बुडको द्वारा निर्गत त्रुटिपूर्ण अनुभव प्रमाण पत्र को निविदा के साथ संलग्न किया गया है, जिसे बाद में परियोजना निदेशक, बुडको, भागलपुर के पत्रांक 262, दिनांक 04.05.2023, पत्रांक 272 दिनांक 04.05.2023 एवं पत्रांक 304, दिनांक 20.05.2023 द्वारा संशोधित कर दिया गया है।

उक्त वर्णित परिस्थिति में बुडको के आदेश संख्या – BUIDCo/Yo-2756/23 – 122–सह–पठित ज्ञापांक – 5837, दिनांक 30.12.2023 से निर्गत आदेश को तथा पत्रांक 5836, दिनांक 30.12.2023 में की गई अनुशंसा को निरस्त किया जाता है।

उक्त पर संचिका संख्या – BUIDCo/Yo-2756/2023 में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक,
बुडको।

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपि: **M/s Kevadiya Construction Pvt. Ltd.,** Near Gopal Chawk, Nava Naroda, Opp. – Parishram Society, Ahmedabad, T.B. Nagar, Ahmedabad, Gujrat / **M/s Velji Ratna Sorathia Infra Pvt. Ltd.**, 6, Om complex, Bhuj Bhahchau By Pass, Dabda Road, Anjar, Dist-Kutch, Gujrat को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
मुख्य महाप्रबंधक,
बुडको।

MUKESH : E:\PDM Cell\Letter_2024.docx

ज्ञापांक– 1356 दिनांक– 30/3/24

प्रतिलिपिः सभी महाप्रबंधक / सभी परियोजना निदेशक / प्रबंधक (आई.टी.), बुडको को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

30/3/2024

मुख्य महाप्रबंधक,
बुडको।

MUKESH : E:\PDM Cell\Letter_2024.docx